सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 7 | अजमेर, गुरुवार 25 सितम्बर 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## लेह में छात्रों का विरोध प्रदर्शन हुआ हिंसक 4 की मौत 20 से अधिक घायल

लेह/ नई दिल्ली। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शन में चार युवाओं की मौत और 20 से अधिक लोगों के घायल होने की रिपोर्टें हैं हालांकि अभी हताहतों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इस बीच गत 10 सितंबर से लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने हडताल तोड़ दी है। वांगचुक ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आज मेरा शांतिपूर्ण मार्ग का संदेश विफल हो गया। मैं युवाओं से अपील करता हूं कि कृपया यह अनुचित कार्य बंद करें। इससे हमारे उद्देश्य को ही नुकसान पहुंचता है। इस भूख हड़ताल को लद्दाख एपेक्स बॉडी



एलएबी के युवा विंग का समर्थन प्राप्त था। एलएबी ने विरोध प्रदर्शन और बंद का आह्वान किया था क्योंकि पिछले दिन दो भूख हड़ताली लोगों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक छात्रों की पुलिस के साथ कथित तौर पर झड़प हुई और उन्होंने पथराव किया। प्रदर्शनकारियों ने एक सीआरपीएफ वाहन और स्थानीय बीजेपी कार्यालय में आग लगा दी जिसके बाद स्थिति और बिगड़ गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। कानून और व्यवस्था बहाल करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। हिंसक झड़पों के बाद चार दिवसीय वार्षिक लद्दाख उत्सव का समापन समारोह रद्द कर दिया गया। लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंदर गुप्ता को इस समापन समारोह में शामिल होने वाले थे। केंद्र सरकार और लद्दाख बौद्ध संघ एलबीए तथा कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों के बीच 6 अक्टूबर को वार्ता होने वाली है।

लद्दाख के जनसंपर्क और सूचना विभाग ने एक बयान में कहा कि लद्दाख संघ शासित प्रदेश प्रशासन ने अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण चल रहे लद्दाख उत्सव के अंतिम दिन और समापन समारोह को रद्द करने की घोषणा की है। प्रशासन स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक मंडलियों, पर्यटकों और लद्दाख के लोगों जो इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद व्यक्त करता है। बयान में कहा गया कि लद्दाख उत्सव क्षेत्र के युवा और उभरते कलाकारों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और कौशल विकसित करने का मंच रहा है। इसका उद्देश्य संघ शासित प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देना भी है। संविधान की छठी अनुसूची, जो असम, त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम के चार पूर्वोत्तर राज्यों के आदिवासी समुदायों के लिए बनाई गई है में स्वायत्त परिषदों के माध्यम से शासनए राष्ट्रपति और राज्यपाल की शक्तियों, स्थानीय निकायों न्यायिक तंत्र और वित्तीय शक्तियों के लिए विशेष प्रावधान हैं।

## रेल कर्मचारियों के लिए 78 दिन के बोनस को मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल कर्मचारियों को दीपावली पर 78 दिन का बोनस देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस



आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मंत्रिमंडल ने 1091146 रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता.आधारित बोनस के रूप में 1865.68 करोड़ रुपए के भुगतान को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पात्र रेल कर्मचारियों को उत्पादकता.आधारित बोनस का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा या दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है और इस वर्ष भी लगभग 10.91 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस का भुगतान किया जा रहा है। उनका कहना था कि बोनस का भुगतान रेलवे के प्रदर्शन में सुधार हेतु रेलवे कर्मचारियों को प्रेरित करने हेतु एक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस की अधिकतम देय राशि 17951 रुपए है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेलवे कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर ;गार्ड स्टेशन मास्टर सुपरवाइजर तकनीशियन तकनीशियन हेल्पर पॉइंट्समैन मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप सी कर्मचारियों को दी जाएगी। वैष्णव ने कहा कि 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 टन माल लादा और लगभग 7.3 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

## दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन की 7.44 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने



कथित रूप से दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों की 7.44 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक ईडी ने जैन उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जैन के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम ;पीएमएलए का मामला दर्ज किया। आरोप लगाया गया था कि जैन ने दिल्ली सरकार में मंत्री पद पर रहते हुए 14 फ़रवरी 2015 से 31 मई 2017 की अवधि के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। सीबीआई ने तीन दिसंबर 2018 को जैन उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। जांच के परिणामस्वरूपए ईडी ने इससे पहले 31 मार्च 2022 को जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों की 4०81 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां कुर्क की थीं और अभियोजन शिकायत ;पीसीद्ध दायर की थी। अदालत ने 29 जुलाई 2022 को पीसी का संज्ञान लिया ।ईडी द्वारा की गई जांच के दौरान यह पता चला कि नवंबर 2016 में नोटबंदी के तुरंत बाद पूर्व मंत्री के करीबी सहयोगी और बेनामी अंकुश जैन और वैभव जैन ने 1.5 करोड़ रुपए जमा किए थे। आय घोषणा योजना ;आईडीएस 2016 के तहत अग्रिम कर के रूप में बैंक ऑफबड़ौदाए भोगल शाखा में 7.44 करोड़ रुपए नकद जमा किए ।आईडीएस के तहत उन्होंने अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रयास इन्फोसॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड के खातों में 2011-2016 के बीच प्राप्त 16.53 करोड़ रुपए की आय संपत्ति के लाभकारी स्वामित्व का दावा किया जबकि ये संस्थाएँ जैन के स्वामित्व और नियंत्रण में थीं।

आयकर विभाग और दिल्ली उच्च न्यायालय ने अंकुश जैन और वैभव जैन को सत्येंद्र कुमार जैन का बेनामी धारक माना। माननीय उच्चतम न्यायालय ने उनकी विशेष अनुमति याचिकाओं और समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया और निष्कर्ष को अंतिम घोषित कर दिया। यह जानकारी ईडी ने पीएमएलए-2002 की धारा 66;2 के तहत सीबीआई के साथ साझा की थी। साझा की गई जानकारी के आधार पर सीबीआई ने मामले की आगे जांच की और एक पूरक आरोपपत्र दायर कियाए जिसमें दिल्ली सरकार में मंत्री के रूप में जैन के कार्यकाल के दौरान अर्जित आय से अधिक संपत्ति का ब्योरा दिया गया है। सीबीआई के पूरक आरोपपत्र के बाद ईडी ने अब 7.44 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों की पहचान की है और उन्हें कुर्क किया है। इस प्रकार इस मामले में अब तक ईडी द्वारा कुर्क की गई कुल अपराध आय 12.25 करोड़ रुपए ;4.81 करोड़ रुपए 7.44 करोड़ रुपए है जो जैन द्वारा अर्जित आय से अधिक संपत्ति का 100 प्रतिशत है जो उनके स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों में अचल संपत्तियों के रूप में है। इस मामले में पीएमएलए 2002 के तहत शीघ्र ही एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की जाएगी।

## हरदोई में विशेष समुदाय के कलियुगी सगे भाइयों ने बहन की अस्मत लूटी

हरदोई। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के अरवल क्षेत्र में दो कलियुगी सगे भाइयों ने रिश्तों को तार-तार करते हुए अपनी बहन से साल भर तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि युवती के साथ सप्ताह भर पहले उसके भाई ने दुष्कर्म किया। इस दौरान युवती से उसका मंगेतर मिलने पहुंच गया जिससे उसकी शादी तय हुई थी। जिसके बाद युवती ने अपने मंगेतर को अपने भाइयों की करतूत बताई। उसके बाद मंगेतर ने युवती को पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने को कहा कि जिसके बाद किशोरी ने मंगलवार पुलिस थाने पहुंचकर अपने बड़े भाइयों की करतूत की लिखित शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज करके दोनों आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा है वही युवती का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि हरदोई जिले के अरवल थाना क्षेत्र इलाके के एक गांव की रहने वाली विशेष समुदाय की युवती दो बहनें और पांच भाई है। युवती से उसके दो सगे बड़े भाई साल भर से अधिक समय से दुष्कर्म कर रहे थे। युवती का आरोप है बीती 18 सितम्बर को भी उसके एक भाई ने उसके साथ दुष्कर्म किया जिसका उसने वीडियो भी बना लिया। जबकि दूसरा भाई भी उसके साथ कई बार दुष्कर्म कर चूका था।युवती के मुताबिक मुंह खोलने पर दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस बीच युवती की शादी तय हो गई तो उसने हिम्मत जुटाई और अपने मंगेतर को अपने भाइयो की सारी सच्चाई बता दी। जिसके बाद मंगेतर ने उसे पुलिस में शिकायत दर्ज कराने को कहा।

## सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए संभावित तारीख़ घोषित की

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ;सीबीएसई ने 2026 में होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए बुधवार को संभावित तारीख घोषित की।सीबीएसई की ओर से जारी संभावित तारीखों के अनुसार बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 15 जुलाई 2026 के बीच आयोजित हो सकती हैं। उन्होंने बताया है कि इन परीक्षाओं में 45 लाख से अधिक विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं। परीक्षा देश के अलावा अन्य 26 अन्य देशों में भी आयोजित की जाएगी।उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन हर विषय की परीक्षा के लगभग 10 दिन बाद शुरू होगा और इसके 12 दिनों के अंदर पूरा होने की उम्मीद है। उदाहरण के लिएए अगर 12वीं की भौतिकी की परीक्षा 20 फरवरी 2026 को होगी तो मूल्यांकन 3 मार्च से शुरू होगा और 15 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अगले साल होने वाली परीक्षाओं की तारीखें फाइनल नहीं हैं। इनमें बदलाव संभव है।

## सम्पादकीय

# अनिश्चित भविष्य एवं आभासी दुनिया से दु :खी युवा पीढ़ी

पूरी दुनिया की सरकारें युवा के मुद्दों उनमें बढ़ रहे तनाव एवं दुःखों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। न केवल सरकारें बल्कि आम.जनजीवन में भी युवकों की स्थिति उनके सपने उनके जीवन लक्ष्य आदि पर चर्चाएं हो अन्यथा युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन के स्थान पर हिंसा.आतंक.विध्वंस की स्थितियां विकराल होती जायेगी जैसाकि नेपाल में देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दशकों तक यह मान्यता रही कि जीवन की मध्य आयु वर्ग यानी 40 से 50 वर्ष के लोग ही सबसे अधिक अवसादग्रस्त, तनावग्रस्त, क्रोधित और दुखी होते हैं। युवावस्था और बुजुर्गावस्था अपेक्षाकृत अधिक प्रसन्न और संतुलित मानी जाती थी। लेकिन हाल के वैश्विक अध्ययनों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य पर नजर रखने वाली ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट सहित अनेक शोध बताते हैं कि दुख और तनाव की शुरुआत अब युवावस्था से ही होने लगी है। सबसे खुशी मस्त एवं तनावमुक्त जीवन जीने वाली यह पीढ़ी अब सबसे अधिक तनावग्रस्त हो गयी है जो गहन चिन्ता का सबबे है। अमेरिका, ब्रिटेन एशिया, अफ्रीका और मध्यपूर्व जैसे 44 देशों के आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से आज की युवा पीढ़ी बुजुर्गों से भी अधिक कमजोर है। युवाओं की इस स्थिति के पीछे कई कारण बताए जाते हैं जैसे रोजगार की असुरक्षा भविष्य की अनिश्चितता कार्यस्थलों का दबाव प्रतिस्पर्धा का वातावरण और सबसे बड़ा कारक सोशल मीडिया का बढ़ता हस्तक्षेप। आभासी दुनिया युवाओं को बड़े सपने तो दिखाती हैए लेकिन जीवन की कठोर सच्चाइयों से उनका सामना नहीं कराती। यही कारण है कि वास्तविक चुनौतियों से टकराते ही वे टूटने लगते हैं।आज के युवा सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहते हैं। देर रात तक स्क्रीन से चिपके रहना उनकी नींद और दिनचर्या दोनों को प्रभावित कर रहा है। आभासी मित्रता और लाइक्स की दुनिया में उन्हें वास्तविक संबंधों की गर्मजोशी नहीं मिल पाती। संवाद की जगह इमोजी ले लेते हैं और भावनाओं का स्थान कृत्रिम पोस्ट। परिणामस्वरूप वे वास्तविक सामाजिक जीवन से कटते जा रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि जब इंसान अपने मित्रों परिवार और समाज के साथ आमने.सामने संवाद करता है तो तनाव कम होता है। कृतज्ञता का भाव मानसिक संतुलन को बनाए रखता है। परंतु डिजिटल आभामंडल में जीने वाला युवा जब अपनी तुलना लगातार दूसरों की सफलता और भौतिक समृद्धि से करता हैए तो उसमें हीनभावना और निराशा जन्म लेती है। यही निराशा कई बार आक्रोश और हिंसा का रूप ले लेती है।सवाल यह है कि मानसिक तनाव का सीधा रिश्ता हिंसा से कैसे जुड़ रहा है। दरअसल जब कोई व्यक्ति भीतर से असुरक्षित असंतुष्ट और हताश होता है तो उसकी ऊर्जा रचनात्मकता की बजाय विध्वंसक रास्ते पकड़ लेती है। जिन युवाओं को उचित दिशाए रोजगार और सामाजिक मान्यता नहीं मिल पातीए वे गुस्से में समाज के खिलाफखड़े हो जाते हैं। यही गुस्सा कई बार सामाजिक अशांति अपराध और दंगों के रूप में सामने आता है। यह वैश्विक ट्रेंड केवल पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं है। भारत पाकिस्तान श्रीलंका और विशेष रूप से नेपाल में हालिया परिदृश्य इसका उदाहरण है। नेपाल में पिछले महीनों हुए दंगेए हाल की युवाक्रांति और युवा आंदोलनों ने इस सच्चाई को सामने ला दिया कि निराशा से भरे युवाओं की ऊर्जा किस तरह हिंसा और अराजकता का रूप ले सकती है। नेपाल का इतिहास ही युवा आंदोलनों से भरा रहा है। राजतंत्र से लोकतंत्र और फ्रि लोकतांत्रिक अस्थिरता के बीच युवा हमेशा निर्णायक शक्ति रहे हैं। हाल ही में नेपाल में हुए दंगों और विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में भी युवा ही थे। नेपाल के युवा लंबे समय से बेरोजगारी भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। वहां की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा 30 वर्ष से कम आयु का है लेकिन रोजगार और अवसरों की कमी उन्हें या तो प्रवासी मजदूरी की ओर धकेल रही है या फ्रि हिंसक आंदोलनों की ओर। सोशल मीडिया इस असंतोष को और हवा दे रहा है। एक तरफवहां पर नई राजनीतिक चेतना के स्वर सुनाई देते हैं दूसरी तरफयह चेतना जब रचनात्मक दिशा नहीं पाती तो दंगेए हिंसा और अराजकता का रूप ले लेती है। नेपाल के हालिया आंदोलन यह भी बताते हैं कि युवा सिर्फ रोजगार और आर्थिक अवसर ही नहीं चाहते वे सामाजिक न्याय ईमानदार एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन और राजनीतिक स्थिरता की भी मांग कर रहे हैं। लेकिन जब इन मांगों को अनसुना किया जाता हैए तो वही आक्रोश सड़क पर हिंसा के रूप में फूट पड़ता है।

# सूरतगढ़ में सांप को निकालने की कोशिश में लगी आग में झुलसे सैनिक की मौत

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र में स्थित सैनिक छावनी के एक आवासीय क्वार्टर में घुसे सांप को निकालने के प्रयास में लगी आग में झुलसे एक सैनिक की मंगलवार को मौत हो गई।सूरतगढ़ सदर थाना के एएसआई मोहम्मद असलम ने बताया कि गत 14 सितंबर जब सैनिक ने सांप को बाहर निकालने के लिए पेट्रोल का इस्तेमाल किया लेकिन अचानक आग भड़क उठी और वह उसकी चपेट में आ गया। गंभीर रुप से झुलसे जवान को सूरतगढ़ सैनिक छावनी मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। इसके बाद श्रीगंगानगर के एक निजी अस्पताल भेज दिया गया जहां से 19 सितंबर को एयरलिफ्ट कर पंजाब के कमांड हॉस्पिटल चंडीमंदिर ;पंचकूला पंजाब ले जाया गया जहां चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और उसने दम तोड़ दिया।उन्होंने बताया कि जवान सतीश दुबे ;29 मूल रूप से बिहार के भोजपुर जिले के आरा थाना क्षेत्र के तिरकुन गांव का निवासी था। असलम ने बताया कि मामले की जांच के लिए उन्हें चंडीगढ़ भेजा गया था। उन्होंने बताया कि सोमवार को पंचकूला के सरकारी अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया।

# 71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार: मोहनलाल को मिला दादा साहब फाल्के अवार्ड

## शाहरुख खान व विक्रांत मैसी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता,रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजधानी में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से मलयालय सिनेमा के अप्रतिम कलाकार मोहनलाल को अति प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया।इस अवसर पर अभिनेता शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री को भी राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। शाहरुख खान ने इस अवार्ड का साझा विक्रांत मैसी के साथ किया। शाहरुख को यह पुरस्कार उनकी फिल्म जवान के लिए तो मैसी को 12वीं फेल के लिए दिया गया। रानी मुखर्जी को मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म के सर्वश्रेष्ठ आंका गया।समारोह में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार कटहल.ए जैकफ्रूट मिस्ट्री को मिला। यह फिल्म कटहल के चोरी होने और उसकी बरामदगी के बहाने व्यंग्य भरे स्वर में समाज की पड़ताल करती है जबकि सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार 12वीं फेल को दिया गया। इस फिल्म में गांव के एक सीधे-साधे और बेहद गरीब छात्र के कड़ी मेहनत के बाद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के लिए चुने जाने की वास्तविक घटना को फिल्माया गया है। यह सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है।



71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की संक्षिप्त सूचीः-दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड.-मोहनलाल, सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म- कटहल जैकफ्रूट मिस्ट्री, सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म- 12वीं फेल, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता- शाहरुख खान ;जवान और विक्रांत मैसी 12वीं फेल, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-रानी मुखर्जी मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन - द केरल स्टोरी, सुदीप्तो सेन सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म- रॉकी और रानी की प्रेम कहानी,सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फिल्म- भगवंत केसरी, सर्वश्रेष्ठ गुजराती फिल्म- वश, सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म- पार्किंग, सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म- द रे ऑफहोप, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका- शिल्पा राव,छलिया जवान

सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक- प्रेमिस्थुन्ना ;बेबी, तेलुगु, सर्वश्रेष्ठ छायांकन - द केरल स्टोरी, सर्वश्रेष्ठ नृत्य - रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ढिंढोरा बाजे रे, सर्वश्रेष्ठ मेकअप एवं वस्त्र सज्जा-सैम बहादुर, स्पेशल मेंशन. एनिमल -री.रिकॉर्डिंग मिक्सर-एमआर राधाकृष्णन, सर्वश्रेष्ठ साउंड डिजाइन-एनिमल हिंदी सर्वश्रेष्ठ फिल्म क्रिटीक.-उत्पल दत्ता असम, सर्वश्रेष्ठ एक्शन डायरेक्शन-हनु.मैन,तेलुगु,सर्वश्रेष्ठ गीत-बालागम-तेलुगु।

# 23 महीने बाद सीतापुर जेल से रिहा हुए मोहम्मद आजम खान



सीतापुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान 23 महीने का लंबा समय कारागार में बिताने के बाद मंगलवार को सीतापुर जेल से रिहा कर दिए गए।जेल से बाहर आने के बाद आजम अपने दो बेटों अब्दुल्लाह आजम और अजीब आजम के साथ कार में बैठ कर रामपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया और खामोशी के साथ कार के दरवाजे बंद कर लिए। आजम की रिहाई से पहले बड़ी संख्या में उनके समर्थक कारागार के बाहर जमा हो गए थे मगर पुलिस के समझाने पर वे कारागार के गेट से काफी दूर निकल गए और अपने नेता की रिहाई का इंतजार करने लगे।आजम की रिहाई के समय मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा ने पत्रकारों के आज़म खान के सपा छोड़ने के सवाल पर कहा कि मुझे ऐसा नहीं लगता है। वह समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं और अभी कुछ मिनट में उनकी रिहाई हो जाएगी। यह सवाल आप उनसे पूछे तो 'यादा बेहतर होगा। हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा था कि उनके ऊपर लगाए गए बेबुनियाद राजनीतिक रंजिश के मामले न्यायालय में नहीं साबित होंगे। न्यायालय ने उन्हें सारे मामलों में जमानत दे दी।

उन्होंने कहा कि हमें न्यायालय पर पूरा विश्वास है। ईश्वर हमारी मदद कर रहा हैए और आजम खान साहब सभी मामलों में वह साफछूट जाएंगे। इससे पहले शहर में राजनीतिक क्षेत्र में यह अफ्वाह उड़ी थी की शायद वह किसी अन्य पार्टी में भी शामिल हो सकते हैंए लेकिन उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम और अजीब आज़म ने इस बारे में कोई भी बातचीत करने से पत्रकारों से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि आज हम अपने पापा को लेने आए हैं। इसके अलावा उन्होंने पत्रकारों से कोई बात नहीं की।सपा के लहरपुर से सीतापुर समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि आजम खान पर लगाए गए सभी आरोप बे बुनियाद है। उन्हें राजनीतिक रंजिश में फ्साया गया है। ईश्वर और न्यायालय पर हम सभी को भरोसा है। वह बेदाग साबित होंगे।गौरतलब है कि 72 आपराधिक मामले आजम खान पर दर्ज हुए थे। सभी मामलों में जमानत मिल गई है। लूट डकैती धोखाधड़ी से जुड़े 19 मामलों में अंतिम रूप से रिहाई के आर्डर एमपी एमएलए कोर्ट से जारी हुए।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर जुर्माना

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफतीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ;आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को रिकॉर्ड 43 रनों से हराया जिसमें बेथ मूनी और स्मृति मंधाना के शानदार शतक शामिल थे।समय की छूट के बावजूद भारत निर्धारित ओवर गति से कम रहा।


आईसीसी ने कहा कि इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफमैच रेफरी की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया।आईसीसी ने ओवर गति से जुड़े अपराधों को नियंत्रित करने वाले नियमों की रूपरेखा तैयार की। बयान में कहा गया है कि खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफके लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.22 के अनुसार जो न्यूनतम ओवर.रेट अपराधों से संबंधित है अगर कोई खिलाड़ी निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करता है तो उस पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस




का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ज़िम्मेदारी स्वीकार की। आईसीसी ने आगे कहा कि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपराध स्वीकार कर लिया है और जुर्माना स्वीकार कर लिया हैए इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी।आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जिसकी मेज़बानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं से पहले यह दोनों टीमों का आखिरी मैच था। बयान में आगे कहा गया है कि भारत 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफअपने टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले दिन इंदौर में पड़ोसी प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड के खिलाफअपना अभियान शुरू करेगा।

# यामी गौतम और इमरान हाशमी की फिल्म हक का टीजर रिलीज

मुंबई। यामी गौतम और इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म हक का टीजर रिलीज हो गया है। जंगली पिक्चर्स ने इनसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के साथ मिलकर अपनी नई फिल्म हक की घोषणा की है।




यह एक दमदार ड्रामा है जो मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम मामले में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले से प्रेरित है। फिल्म में यामी गौतम धर और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं और इसका निर्देशन सुपर्ण एस वर्मा ने किया है। फिल्म हक का टीजर रिलीज हो गया है।मध्य प्रदेश के इंदौर की शाह बानो बेगम को 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। इसके बाद शाह बानो ने सर्वोच्च न्यायालय में एक आपराधिक मुकदमा दायर कियाए जिसमें उन्होंने अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार जीता। सात साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया। टीज़र शाज़िया नाम के किरदार की दुनिया की झलक दिखाता है जिसमें दर्द अन्याय और गरिमा के लिए लगातार संघर्ष दिखाई देता है। यामी गौतम ने इस उलझन को बेहद प्रभावशाली ढंग से निभाया है उनके हाव-भाव खुद ही उस चुपचाप संघर्ष की कहानी बयां कर रहे हैं जो महिलाएं रोज़ाना सहती हैं। फिल्म हक जिग्ना वोरा द्वारा लिखित बानो भारत की बेटी नामक किताब पर आधारित एक काल्पनिक और नाटकीय कहानी है। शाह बानो बेगम अस्सी के दशक में पुरुष प्रधान समाज में अपने स्वाभिमान और हक़ के लिए लड़ी। यह फिल्म सात नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की बेहतरीन कलाकारों की सूची में शीबा चड्ढा दानिश हुसैन और असीम हट्टांगड़ी जैसे मंजे हुए कलाकार भी शामिल हैं।

## बारां में पेट्रोल पम्प पर लूट की वारदात के आरोपी अरेस्ट

बारां। राजस्थान में बारां जिले के अन्ता थाना क्षेत्र में पुलिस ने अन्ता.सीसवाली रोड स्थित एक पेट्रोल पम्प पर हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए एक बाल अपचारी सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने इस मामले की जांच के बाद प्रदीप सुमन 20 लवकुश 19 प्रदीप कुमार सुमन ;20 रामदेव सुमन 25 सियाराम सुमन 20 गिरफ्तार किया जबकि एक नाबालिग ;बाल अपचारी को निरुद्ध किया है।उन्होंने बताया कि रविवार को रात करीब दो बजे छह नकाब पोश पेट्रोल पम्प पर आए और उन्होंने वहां मौजूद पेट्रोल पम्प कर्मचारियों के हाथ पैर बांधकर मुंह पर टेप चिपका दिया और पेट्रोल बिक्री के 96 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।अंदासु ने बताया कि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान एक बदमाश पर शक हुआ जो हाथ में पीतल का कड़ा पहने था। कर्मचारियों ने बताया कि ऐसा कड़ा टारडीखेड़ा का लवकुश माली पहनता है जो यहां तीन महीने से सफाई का कार्य कर रहा है। इस पर पुलिस ने लवकुश माली को तलाशा जो खेत में मिला वहां सभी आरोपी मिल गए। उन्होंने बताया कि इस वारदात की योजना लवकुश माली ने ही बनाई थी।

## भीलवाड़ा में सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता 50000 रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट

भीलवाड़ा। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने कार्यालय अतिरिक्त



जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा भीलवाडा के सहायक अभियंता राजकुमार मून्दडा एवं कनिष्ठ अभियन्ता ;संविदाकर्मी भारत भूषण गोयल को एक मामले में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी भीलवाडा.प्रथम को परिवादी ने शिकायत की कि राजकीय विद्यालय में कराए गए बिल्डिंग निर्माण कार्यों के उसके बिलों को पास करने की एवज में रिश्वत मांगी जा रही है।श्रीवास्तव ने बताया कि गत 19 सितंबर को रिश्वत राशि मांग का सत्यापन कराया गया जिसमें परिवादी से 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की गई और मांग के अनुसरण में बुधवार को ब्यूरो टीम के ट्रेप कार्रवाई के दौरान कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा भीलवाड़ा के बाहर परिवादी से गोयल ने 50 हजार रुपए की रिश्वत ले ली। इसके बाद उन्होंने मूंदडा को फोन कर इसकी जानकारी दी।इसके बाद आरोपी मूंदड़ा एवं गोयल को गिरफ्तार कर लिया गया। रिश्वत के 50 हजार रुपए जिसमें 30 हजार रुपए भारतीय चलन मुद्रा के एवं 20 हजार रुपए के डमी नोट गोयल की पेन्ट की जेब से बरामद कर लिए गए। आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्जकर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## अलवर में अश्लील वीडियो के जरिये ठगी करने वाला मौलवी अरेस्ट

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के बहतुकला थाना क्षेत्र में पुलिस ने अश्लील वीडियो के जरिये ठगी करने वाले एक मौलवी को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस दल को सूचना मिली कि गोठडा गांव खुर्द में पहाड़ की तलहटी में एक व्यक्ति मोबाइल फोन के जरिये अश्लील वीडियो बनाकर ठगी कर रहा है। जिस पर पुलिस दल ने दबिश देकर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जिसकी शिनाख्त सोयब खान के रूप में हुई।उसके पास एक मोबाइल फोन मिला जिसमें बांग्लादेश के कई नम्बरों और अन्य नम्बरों पर आरोपी द्वारा बनाए गए पीड़ित व्यक्तियों के आपत्तिजनक वीडियो लड़कियों के स्क्रीन फोटो वीडियो और पीड़ित व्यक्ति से ऐप के जरिए पैसे प्राप्त करने के संदेश चैटिंग मे पाए गए।

# रानी मुखर्जी को पहली बार मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार

नई दिल्ली। फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजी गयीं जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी को पहली बार यह सम्मान मिला है।वर्ष 2023 में प्रदर्शित फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। इस फिल्म में रानी मुखर्जी ने सागरिका चक्रवर्ती का किरदार निभाया है जो नॉर्वे सरकार से अपने बच्चों का संरक्षण पाने के लिए लड़ती है।



रानी मुखर्जी को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए करीब तीन दशक हो गए हैं। मुंबई में 21 मार्च 1978 को जन्मीं रानी मुखर्जी ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म राजा की आएगी बारात से की। वर्ष 1998 में उन्हें आमिर खान के साथ गुलाम और शाहरुख खान के साथ कुछ -कुछ होता है में काम करने का अवसर मिला।

दोनों ही फिल्में टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। फिल्म कुछ कुछ होता है के लिए रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का फिल्म फेयर पुरस्कार भी दिया गया।वर्ष 2002 में प्रदर्शित यश राज बैनर तले बनी फिल्म साथिया रानी मुखर्जी के करियर की हिट फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में रानी की जोड़ी विवेक ओबेराय के साथ काफी पसंद की गयी। वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म चलते.चलते में रानी को एक बार फिर से शाहरूख खान के साथ काम करने का अवसर मिला। यह फिल्म भी सुपरहिट साबित हुई।वर्ष 2004 रानी के करियर के लिये महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकीयुवा हमतुम और वीर जारा जैसी फिल्में प्रदर्शित हुई। इन सभी फिल्मों में रानी ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया और अपने निभाये किरदारों के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म ब्लैक् रानी मुखर्जी के करियर की सर्वाधिक महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रानी मुखर्जी को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अवसर मिला। रानी ने अपने सधे हुए अभिनय से न सिर्फ दर्शकों का बल्कि समीक्षकों का भी दिल जीत लिया।वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म बंटी और बबली रानी मुखर्जी के करियर की एक और सुपरहिट साबित हुई। यश राज बैनर तले बनी इस फिल्म के जरिये रानी मुखर्जी और अभिषेक बच्चन की जोड़ी ने दर्शकों को अपने कारनामों के जरिये हंसाते हंसाते लोटपोट कर दिया।

वर्ष 2006 में हीं रानी की करण जौहर निर्देशित फिल्म कल हो ना हो् प्रदर्शित हुई जो टिकट खिड़की पर हिट साबित हुई। रानी मुखर्जी बॉलीवुड की उन गिनी चुनी अभिनेत्रियों में शामिल है जिन्होंने खान त्रिमूर्ति आमिर खानए सलमान खान और शाहरूख खान के साथ काम किया है।वर्ष 2011 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म श्नो वन किल्ड जेसिका के जरिये रानी ने एक बार फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया।

वर्ष 2012 में उन्हें एक बार फिर से आमिर खान के साथ तलाश में काम करने का अवसर मिला। रानी ने वर्ष 2014 में जाने माने फिल्मकार आदित्य चोपड़ा से शादी कर ली। इसी वर्ष रानी की फिल्म मर्दानी् प्रदर्शित हुई जिसमें उन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद रानी ने हिचकी और मर्दानी -2 जैसी हिट फिल्मों में काम किया। रानी मुखर्जी इन दिनों फिल्म मर्दानी- 3में काम कर रही हैं।

# 61 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्य अरेस्ट

अलवर। राजस्थान के भिवाड़ी जिला पुलिस के साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। भिवाड़ी पुलिस उपाधीक्षक ;साइबर जय सिंह ने सोमवार को बताया कि यह गिरोह फर्जी फर्म बनाकर फर्जी बैंक खाते खोलता था और इन खातों का क्रय.विक्रय कर साइबर ठगी की राशि प्राप्त करता था। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 11 चेकबुक चार एटीएम कार्ड 4 क्यूआर कोड एक स्वाइप मशीन और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सिंह ने बताया कि गत एक सितंबर से आगामी 30 सितंबर तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत महानिदेशक साइबर क्राइम से प्राप्त संदिग्ध म्यूल अकाउंट की सूची के आधार पर कार्रवाई शुरू करने पर जांच में पाया गया कि फर्म एसआरएल लोजिस्टिक्स टपुकड़ा, भिवाड़ी के नाम से संचालित एक एचडीएफसी बैंक खाते में 20 लाख रुपए की साइबर ठगी का लेनदेन हुआ। इस खाते का मालिक वकील अहमद है। इसी तरह ओवरसीज बैंक में बेस्ट कलेक्शन ;भगत सिंह कॉलोनी भिवाड़ी के नाम से संचालित खाते का प्रोप्राइटर राशिद है जिसके खिलाफ 1930 एनसीआरपी पोर्टल पर 63 शिकायतें दर्ज हैं और 50 करोड़ रुपए की ठगी का लेनदेन हुआ। तमिलनाडु बैंक के एक अन्य खाते जो अभियुक्त अजमत अली के



कब्जे से बरामद हुआ पर 33 शिकायतें दर्ज हैं जिसमें 11 करोड़ रुपये की ठगी का लेनदेन हुआ। कुल मिलाकर इन खातों पर देशभर में 100 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं जिनमें 61 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का लेनदेन सामने आया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में वकील अहमद 40 निवासी घुडावली उटावड़ पलवल, हरियाणा एवं राशिद 28 निवासी पारोली गदपुरी पलवल हरियाणा सहित अजमत अली 39 निवासी खरकड़ी तावडू नूंह मेवात हाल निवासी टेरा हैरिटेज ततारपुर भिवाड़ी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जो साइबर ठगों के लिए फर्जी खाते उपलब्ध कराते थे। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों और संदिग्ध खातों की जांच कर रही है।

# Mandira Bedi Steps Into Mental Health Advocacy



Actor, fitness icon, and wellness advocate Mandira Bedi has joined the mental and emotional wellness platform Full Circle as Co-Founder, marking a significant step in her ongoing commitment to holistic health.Full Circle is a modern mental wellness space dedicated to helping individuals navigate life's challenges through access to qualified professionals, curated support systems, and evidence based practices. With Mandira coming on board, the platform is poised to amplify its mission of healing and self discovery in a society still learning to talk openly about mental health.Mandira has long been recognized for her focus on physical fitness. But in recent years, her personal experiences have broadened that perspective to include emotional well being. Her voice brings both empathy and authenticity to the conversation around healing."I've spent years advocating for physical fitness, but the last few years have shown me just how vital mental health is. Full Circle is a platform that truly resonates with me, it's a space where people can find the support they need from professionals, when they need it most. Healing into wholeness isn't just a philosophy, it's a necessity and I'm honoured to be a part of this journey." she says.Full Circle offers therapy, group sessions, mindfulness workshops, and psychoeducation tools designed for the modern individual. It's a space that doesn't just acknowledge mental health, it integrates it into everyday wellness, making it more approachable and less stigmatized.As Co Founder, Mandira will play an active role in shaping the platform's vision, curating experiences, and encouraging more people to take charge of their mental well being.

# डॉ. सुशील कुमार बिस्सू, हेमंत प्रियदर्शी व डॉ. अशोक कुमार कलवार आरपीएससी सदस्य नियुक्त

अजमेर। पेपर लीक प्रकरण से उपजे हालात के बाद राज्य सरकार ने बडा फैसला लेते हुए राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) में तीन नए सदस्य नियुक्ति किए गए हैं।

पूर्व आईपीएस हेमंत प्रियदर्शी डॉ. सुशील कुमार बिस्सू और डॉ.अशोक कुमार कलवार को मेंबर बनाया गया है। बता दें कि आयोग में 6 सदस्यों के पद खाली चल रहे थे। तीन नए सदस्यों की नियुक्त के बाद कुल 10 पदों में से 7 सदस्यों के पद भर गए हैं तथा तीन पद अब भी खाली चल रहे हैं।कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल की मंजूरी के बाद सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हेमंत प्रियदर्शी कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. अशोक कुमार कलवार और गणित के प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार बिस्सू को सदस्य बनाया गया है। नवनियुक्त सदस्य हेमंत प्रियदर्शी साल 1992 बैच के आईपीएस हैं एम टैक मैकेनिकल और डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज में एमफिलए डीजी पुलिस साइबर क्राइम एसीबी





फॉरेंसिक साइंस लैब के डायरेक्टर रह चुके हैं। उन्होंने आईटीबीपी और सीआरपीफ में भी अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं।

डॉ. अशोक कुमार कलवार हेमेटो.ऑन्कोलॉजी में सीनियर कंसल्टेंट होने के साथ देश के कई बड़े अस्पतालों में सेवाएं दे चुके हैं। कलवार के 30 से ज्यादा इंटरनेशनल और 70 से अधिक नेशनल रिसर्च पेपर पब्लिश हो चुके हैं। डॉ. अशोक मूल रूप से जोधपुर के रहने वाले हैं।अजमेर निवासी डॉ. सुशील कुमार बिस्सू एमएससी पीएचडी इन मैथमैटिक्स होने के साथ 33 साल का शिक्षण अनुभव संजोए हैं। इनके 35 रिसर्च पेपर पब्लिश हो चुके हैं। बिस्सू कई विश्वविद्यालयों की अकैडमिक कमेटियों और बोर्ड में सदस्य भी रह चुके हैं।

सरल व्यक्तिव के धनी हैं सुशील कुमार बिस्सूः- सुशील कुमार बिस्सू साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। प्रोफेसर होने के नाते शिक्षा जगत से उनका नाता रहा है। अजमेर के पंचशील नगर निवासी सुशील कुमार बिस्सू का जन्म 5 मार्च 1965 को हरियाणा के गोदी का गांव में हुआ। शुरुआती शिक्षा अहमदपुर डारे वाला और पक्का सारण हनुमानगढ़ के सरकारी विद्यालय में पूरी की। इसके बाद गंगानगर दव स्कूल से 11वीं की शिक्षा ली और उच्च शिक्षा के लिए खालसा कॉलेज गंगानगर का रुख किया। यहां से उन्होंने बीएससी और एमएससी की डिग्री हासिल की। इसके बाद उदयपुर की सुखाड़िया यूनिवर्सिटी से पीएचडी पूरी कर उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में नई ऊंचाइयां पाई।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्टभूमि वाले बिस्सू का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से गहरा जुडाव रहा। उन्होंने 1992 में नोहर में व्याख्याता के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए वे प्रशासनिक जिम्मेदारियों तक भी पहुंचे और सहायक निदेशक अजमेर संभाग बने। 31 मार्च 2025 को वे सहायक निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों ने उन्हें नई पहचान प्रदान की।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया शहरी सेवा शिविर का अवलोकन

अजमेर। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत किशनगढ़ नगर परिषद के द्वारा आयोजित किए



जा रहे शहरी सेवा शिविर 2025 का बुधवार को मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा अवलोकन किया गया।उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को अजमेर जिले के दौरे पर रही। उनके द्वारा सेवा पखवाड़े के दौरान किशनगढ़ नगर परिषद के माध्यम से आयोजित किए जा रहे शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया गया। उन्होंने विभिन्न विभागों कि स्टॉल पर जाकर अधिकारियों एवं लाभार्थियों के साथ संवाद किया। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने शिविर के माध्यम से किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति से अवगत कराया।उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश प्रदान किए। शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्तियों के कार्य शिविरों में प्राथमिकता से होने चाहिए। इसके लिए अग्रिम तैयारी करनी आवश्यक है। वित्तीय समावेशन शिविरों से सम्बन्धित कार्य भी इस दौरान करने के लिए बैंकर्स की सेवाएं ली जाए। फ्लैगशिप योजनाओं से जुड़े कार्य भी करवाएं।

शहरी सेवा शिविर में विभिन्न लाभार्थियों को कृषि क्षेत्र के पट्टे वितरित किए। धारा 69 के अंतर्गत व्यक्तियों को लाभान्वित कर दस्तावेज सौंपे गए। इसी प्रकार क्षत्रिय फूल माली पंचायत तथा ब्रह्म भट्ट राव समाज समिति के पदाधिकारियों को भी पट्टे दिए गए। उनके पट्टे लंबे समय बाद शिविरों के माध्यम से बन पाए। इसी प्रकार व्यक्तिगत श्रेणी के पट्टे भी सम्बन्धितों को प्रदान किए गए।उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को 1.5-1.5 लाख की राशि के चैक सौंपे। लाडा देवी, अजय किराणीया, ओम प्रकाश एवं बिदामी देवी चैक पाकर बहुत खुश हुए। मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थी मंजु पंवार एवं तरूण साहू को 10-10 हजार रूपये दिए गए। लाडो प्रोत्साहन योजना के संकल्प पत्र अभिभावकों को दिए गए। इसी प्रकार 3 बालिकाओं के बेटी जन्मोत्सव मनाकर केक काटे गए। बालिकाओं का अन्न प्राशन संस्कार तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा किए गए। उन्होंने नगर परिषद की महिला पार्षदों के साथ विचार.विमर्श भी किया।इस अवसर पर नगर परिषद के सभापति दिनेश सिंह राठौड, अध्यक्ष रमेश सोनी, उपखण्ड अधिकारी रजत यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।









## एमडीएसयू में महिलाओं के लिए निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

अजमेर। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के धन्वंतरि आरोग्य भवन में मंगलवार को केंद्र सरकार के अभियान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के अंतर्गत फार्मेसी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। फार्मेसी विभाग के छात्रों की पहला सुखए निरोगी काया थीम आधारित स्वास्थ्य जागरूकता रैली को विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए कुलगुरु ने कहा कि परिवार का आधार है स्वस्थ नारी इसमें हो हम सब की भागीदारी इसी के निमित्त विश्वविद्यालय मैं शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी है। स्वास्थ्य केंद्र का परम ध्येय सेवा ही संकल्प है।शिविर में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों कायड, घूघरा, बैंक कॉलोनी की महिलाओं का रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन व रक्त समूह का परीक्षण कर चिकित्सक परामर्श के अनुरूप निःशुल्क औषधियां भी दी गई। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राजू शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम विश्वविद्यालय परिजनों के साथ.साथ कच्ची बस्तियों ग्रामीण क्षेत्रों में जा कर स्वच्छता एवं चिकित्सा शिविर आयोजित करती है।

फार्मेसी विभाग के प्रभारी प्रो अरविंद परीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक नेहा शर्मा, डॉ अशोक गुप्ता, डॉ नितिन शर्मा, डॉ पीके माथुर, वेद चंद्रकांत चतुर्वेदी, मेल नर्स जगदीश कच्छावा, सुंदर कुमार फीमेल नर्स, दीपिका रावत, मनीषा, दीपक चौधरी सहित फार्मेसी विभाग के अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

## किशनगढ़ में ओल्ड ऐज डे केयर होम का भूमि पूजन

किशनगढ़। बालाजी धामए बीएलजी नगर मयूरा सिटी में बुधवार को मां भारती रक्षा मंच संस्थान ने ओल्ड ऐज डे केयर होम विश्व स्तरीय इलेक्ट्रोपैथिक चिकित्सालय एवं आत्मनिर्भर मातृशक्ति के लिए व्यायाम शाला का भूमि एवं नींव पूजन कर इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। भूमि पूजन आचार्य पवन जोशी ने सम्पन्न कराया। नाजर समाज की अध्यक्ष रानी बुआ समाजसेवी ओम प्रकाश



कालिकाए सज्जन सिंह तित्यारी ने नींव का पहला पत्थर रखा। इस अवसर पर संस्थापक सदस्य लक्ष्मीनारायण सोनगरा ने बताया कि जल्द ही ओल्ड ऐज डे केयर होम की बाउंड्री वॉल बनने के साथ ही मुख्य भवन का निर्माण भी जल्द किया जाएगा।ओल्ड ऐज डे केयर होम सेंटर में वृद्धजनों के रहने एवं स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा रहेग साथ ही मनोरंजनात्मक कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही विश्व स्तरीय इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सालय, व्यायाम शाला का भी निर्माण किया जाएगा। जिसमें महिलाओं को आत्मरक्षा से संबंधित खेलकूद से ओतप्रोत कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ विनय सिंह चौहान ने बताया कि यह कार्य गतिमान तरीके से पूरा किया जाएगा। बतादें कि पूर्व में 41 फुट बालाजी की प्रतिमा का भूमि पूजन हनुमान जन्मोत्सव के दिन हो चुका है। यह प्रतिमा निर्माणाधीन है। यह प्रतिमा नवंबर माह में तैयार हो जाने के बाद आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस अवसर पर डॉ.अनिल पालीवाल, राजेश नवहाल, दौलत सोनी, सचिव पवन कुमार जोशी, सुरेश कुमार शारदा, उपाध्यक्ष गोवर्धन सिंह राठौर, डॉक्टर प्रवीण गुप्ता,चंद्रशेखर शर्मा, महेंद्र सिंह, रामनिवास सामरिया, राकेश सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद झंवर, दीपक गोयल, बद्री नारायण शर्मा, प्रहलाद कुमावत, कैलाश कुमावत, महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज शर्मा, सीमा वाष्णेय, शिमला कुमावत, रितु मगनानी, उमा काबरा, संगीता अग्रवाल, मनोज सैन, जसराज सैनी, महेश दायमा, मूर्तिकार राकेश पटनायक, ठेकेदार महेंद्र कुमावत का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID
sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)